# मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY)
## (शहरी रोजगार मंजूरी फॉर कामगार)



श्री हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड



# मुख्यमंत्री श्रमिक योजना से काम मिलना हुआ आसान
## योजना में निबंधित श्रमिक चास निवासी शंकर महतो के परिवार की सारी चिंता हुई दूर

शंकर महतो चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 35 के निवासी हैं। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) में निबंधित होने से पहले वे रोजाना खाने-कमाने वाले एक दैनिक श्रमिक थे। दैनिक मजदूरी का काम मिलने पर ही उनके परिवार का भरण-पोषण हो पाता था। इस काम में उन्हें हर दिन काम मिल ही जाए, इस बात की कोई गारंटी नहीं होती थी। उनके साथ कई बार ऐसा भी होता था कि लगातार उन्हें काम के अभाव में लगातार कई दिनों तक खाली बैठकर दिन गुजारना पड़ता था। इस वजह से उनके परिवार को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था। ऐसी स्थिति में कई बार उन्हें व उनके परिवार को आधे पेट खाकर ही गुजारा करना पड़ता था। कोरोना काल में लॉकडाउन (तालाबंदी) के दौरान काम न मिलने के कारण उनकी स्थिति और भी दयनीय हो गई थी। ऐसे समय में शंकर महतो को DAY-NULM की एक सीआरपी दीदी द्वारा झारखंड सरकार की ओर से शुरू की गई मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) के बारे में पता चला। तब उन्होंने जॉब कार्ड के लिए आवेदन किया, जिसके बाद उन्हें इस योजना के तहत चास नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत चल रहे भवन निर्माण में श्रमिक का काम मिल गया। इस योजना में निबंधित होने के परिणामस्वरूप उन्हें 100 दिन के रोजगार की गारंटी भी मिल गई, जिससे उन्हें व उनके परिवार को काफी सुकून मिला। इस प्रकार उनकी रोजी-रोटी की चिंता भी दूर हो गई। इसके लिए शंकर महतो व उनके परिवार के लोगों ने मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) को श्रमिकों के हित में बताते हुए हृदय से राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया है।

**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

टॉल फ्री नं०: 1800-120-2929 | वेबसाइट: dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA